बिज़नेस भास्कर

Business Standard और Bloomberg की खबरों के साथ

लग्जरी ब्रांड क्रिश्चियन डायर मुंबई में खोल रही बड़ा स्टोर; लिया 3,317 वर्ग फीट स्पेस

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा रिटेल मार्केट बन गया है। इस सेक्टर में तेज ग्रोथ को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और लग्जरी ब्रांड्स लगातार भारतीय बाजार का रुख कर रहे हैं। अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बरनार्ड अरनॉल्ट की कंपनी एलवीएमएच के ग्लोबल लग्जरी ब्रांड क्रिश्चियन डायर ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स में जियो वर्ल्ड सेंटर में 3,317 वर्ग फीट रिटेल स्पेस लीज पर लिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, यह एग्रीमेंट रिलायंस इंडस्ट्रीज और क्रिश्चियन डायर ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ है। इससे कुछ दिनों पहले एवीएमएच के ही एक अन्य लग्जरी ब्रांड लुई वितान ने भी जियो वर्ल्ड प्लाजा में 7,365 वर्गफीट की चार यूनिट लीज पर ली थीं। एनारॉक रिटेल के सीओओ और जॉइंट एमडी पंकज रेंझेन ने कहा कि भारत में अच्छी-खासी आय वाला विशाल मध्य वर्ग है। इसके चलते दुनियाभर के ब्रांड यहां आ रहे हैं। रिटेल सेक्टर में भारत जितनी संभावना अभी कहीं नहीं है।

निरंतर उछाल • सेंसेक्स ऑल-टाइम हाई से सिर्फ 105 अंक नीचे, लगातार 9 दिन चढ़ा

निफ्टी पहली बार 20,000 पार बंद

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार बुधवार को लगातार 9वें दिन बढ़त पर बंद हुए। सेंसेक्स में 1 सितंबर से अब तक गिरावट नहीं देखी गई। निफ्टी पहली बार 20 हजार से ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स भी अपने ऑल-टाइम हाई से सिर्फ 105 अंक ही नीचे रहा। सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल आया।

सेंसेक्स 246 अंक चढ़कर 67,467 पर बंद हुआ। अब ये 67,572 के ऑल-टाइम हाई लेवल से सिर्फ 5 अंक नीचे है। हालांकि निफ्टी 20,070 के ऑल-टाइम हाई लेवल पर बंद होने में कामयाब रहा। इसमें 76.80 अंकों की तेजी दर्ज की गई। आज की तेजी में सरकारी बैंकों के शेयरों में उछाल की सबसे बड़ी भूमिका रही। निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 4.23% चढ़ा। अन्य सेक्टरों के इंडेक्स लगभग फ्लैट बंद हुए। इनमें 0.42-0.96% तक तेजी रही।

निफ्टी के लिए अभी 20,500 से ऊपर निकलना मुश्किल

एचडीएफसी सिक्युरिटीज के टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट नागराज शेट्टी के मुताबिक, निफ्टी के लिए 20,100-20,500 का लेवल रेसिस्टेंस एरिया है। यानी इसके लिए 20,500 से ऊपर निकलना फिलहाल मुश्किल नजर आ रहा है। लेकिन ऑप्शन डेटा ये भी संकेत दे रहे हैं कि निफ्टी के 19,900 से नीचे आने की आशंका कम है।

4 घटनाक्रम बढ़ा सकते हैं रिस्क

विनोद नायर, रिसर्च हेड, जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज)

1. ब्रिटेन की आर्थिक विकास दर शून्य से नीचे आना।
2. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ना।
3. अमेरिका में महंगाई, बेरोजगारी दर पर अगली रिपोर्ट।
4. 14 सितंबर को यूरोपियन सेंट्रल बैंक दरें बढ़ा सकता है।

इस माह स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सबसे कमजोर



जुलाई तक के बेस्ट परफॉर्मर फाइनेंस सेक्टर के शेयर पिछड़े

1 सितंबर से यूटिलिटी, टेलीकॉम शेयरों में सर्वाधिक उछाल



गिफ्ट सिटी में ट्रस्ट, ईटीएफ को कैपिटल गेन टैक्स की छूट

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

सरकार ने गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थित कंपनियों की तरफ से जारी किए जाने वाले इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट और ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) की यूनिट को कैपिटल गेन टैक्स से छूट दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बुधवार को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया। इसके तहत इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर अथॉरिटी (फंड मैनेजमेंट) रेगुलेशन, 2022 के तहत शुरू किए गए इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की किसी भी यूनिट और ईटीएफ की यूनिट को कैपिटल गेन टैक्स से छूट मिलेगी। इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विस सेंटर के रूप में स्थापित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-(गिफ्ट) सिटी को फाइनेंशियल सेक्टर के लिए एक कर-तटस्थ क्षेत्र के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कदम आईएफएससी को दुनिया में फाइनेंशियल सर्विसेज का सेंटर बनाने और एक मान्यता-प्राप्त शेयर बाजार में नॉन रेसीडेंट इंवेस्टर्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पर्सनल फाइनेंस कॉर्नर

इंटिमेशन नोटिस रिटर्न में भूल सुधार का मौका

बिंदिशा सारंग | आयकर विभाग ने 22 हजार करदाताओं को इंटिमेशन नोटिस भेजा है। ये नोटिस करदाताओं को विसंगतियां स्पष्ट करने या सुधारने का मौका देते हैं। यदि आप नोटिस से सहमत हैं, तो अपडेटेड रिटर्न फाइल करें और बकाया टैक्स का भुगतान करें। लेकिन, सहमत नहीं हैं तो स्पष्टीकरण भेज सकते हैं।

• क्यों जारी होते हैं इंटिमेशन नोटिस?

इंटिमेशन नोटिस कई कारणों से जारी किए जाते हैं। हो सकता है कि कटौती कर्ता और करदाता अकाउंटिंग के अलग-अलग तरीकों का पालन करते हों। आयकर विभाग के उलट करदाता टैक्स कटौती वाली आय को दो या अधिक वर्षों के लिए इनकम मान सकता है। इसके अलावा नोटिस की सबसे सामान्य वजह टीडीएस का मिसमैच होती है क्योंकि कटौती कर्ता ने सही फॉर्म 16 जमा नहीं किया होता।

• विसंगति पर नोटिस का जवाब देना जरूरी

यदि कोई मिसमैच नहीं है या कोई रिफंड देय नहीं है, तो किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं होती। लेकिन अगर इंटिमेशन नोटिस में कोई विसंगति बताई गई है तो करदाता को जुर्माने से बचने के लिए जवाब देना होगा। नोटिस का जवाब न देने पर गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं।

• जवाब न देने के हो सकते हैं गंभीर नतीजे

विसंगति पाए जाने पर भी नोटिस का समय पर जवाब न देने पर इसे विसंगति को स्वीकार करना माना जाएगा। ऐसे में टैक्स डिपार्टमेंट डिमांड नोटिस जारी करेगा। डिमांड नोटिस का नतीजे में भारी-भरकम जुर्माना भी लगाया जा सकता है। करदाता का टैक्स रिटर्न अमान्य हो सकता है और टैक्स बेनिफिट का नुकसान भी हो सकता है।

बिजनेस ब्रीफ

कॉफी डे ग्लोबल और इंडसइंड बैंक में सुलह, दिवालिया आदेश रद्द

नई दिल्ली | कॉफी डे ग्लोबल लि. (सीडीजीएल) और उसे कर्ज देने वाले इंडसइंड बैंक के बीच सुलह हो गई है। इसके बाद नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कंपनी के खिलाफ दिवालिया आदेश रद्द कर दिया। इससे पहले एनसीएलटी की बेंगलुरू ब्रांच ने 20 जुलाई को इंडसइंड बैंक की याचिका पर दिवालिया आदेश जारी किया था। बैंक ने कंपनी पर 94 करोड़ रु. बकाया होने का दावा किया था। यह कंपनी कॉफी चेन कैफे कॉफी डे का परिचालन करती है।

रिलायंस रिटेल मौजूदा निवेशकों से जुटाएगी 12,450 करोड़; बातचीत जारी

मुंबई | रिलायंस रिटेल मौजूदा निवेशकों से 12,450 करोड़ रु. जुटाने के लिए बातचीत कर रही है। इनमें सिंगापुर, अबु धाबी और सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक 4,150 करोड़ रु. निवेश करने की तैयारी में हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, निवेशकों से बातचीत रिलायंस रिटेल के उस आंतरिक लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी का इरादा सितंबर अंत तक कुल 29,050 करोड़ रु. जुटाने का है।

केंद्र को सालाना उधारी घटकर 12-13 लाख करोड़ पर आने की उम्मीद

नई दिल्ली | वित्त मंत्रालय अगले कुछ साल में बॉन्ड के जरिये केंद्र की वार्षिक सकल उधारी घटाकर 12-13 लाख करोड़ रु. तक लाने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने बताया, "हमें सकल उधार के अधिक सामान्य आंकड़ों पर वापस आने के बारे में सोचना शुरू करना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि हम इस साल 15.43 लाख करोड़ और अगले साल 16 लाख करोड़ रु. या उससे अधिक उधार लें। केंद्र की उधारी कम से कम 15.43 लाख करोड़ रु. पर रुकना चाहिए। शुरुआती कदम उठाए गए हैं।

बादाम पसंदीदा स्वस्थ स्नैक्स : सर्वे

नई दिल्ली | कैलिफोर्निया के बादाम बोर्ड द्वारा किए गए यूगॉव सर्वे में पाया गया कि भारत के अधिकांश शहरी क्षेत्रों में जीवनशैली से संबंधित स्वास्थ्य समस्या जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग में वृद्धि हुई है। साथ ही सर्वे में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निपटने के लिए बादाम को पसंदीदा स्वस्थ स्नैकिंग विकल्प माना गया है। उत्तरदाताओं का बड़ा वर्ग बादाम को हृदय स्वास्थ्य, टाइप 2 मधुमेह, पीसीओएस और अन्य स्थितियों के लिए अच्छा मानता है। यह सर्वे दिल्ली, लखनऊ, लुधियाना, जयपुर, इंदौर, कोलकाता, भुवनेश्वर, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु, कोयंबटूर, हैदराबाद, कोच्चि और चेन्नई सहित 4,000 से अधिक शहरी उत्तरदाताओं के बीच किया गया था। पोषण और वैलनेस सलाहकार शीला कृष्णास्वामी ने कहा कि यह सर्वे व्यावहारिक है। बादाम के पोषक तत्वों को देखते हुए यह आश्चर्य की बात नहीं है। इसको भारतीयों का सबसे पसंदीदा स्वस्थ स्नैक्स में से एक माना गया है।

इनोवेटिव आइडिया पर 10 लाख का इनाम

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

बोइंग इंडिया ने बोइंग यूनिवर्सिटी इनोवेशन लीडरशिप डेवलपमेंट (बिल्ड) प्रोग्राम के लिए स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेंबर्स और उभरते उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसका तीसरा संस्करण इन्वेंटिव आइडिया को बढ़ावा देने और नए बाजार अवसर तैयार करने के उद्देश्य से शुरू हो रहा है। इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागी एयरोस्पेस और डिफेंस टेक्नोलॉजी, सोशल इम्पैक्ट और सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित अपने इनोवेटिव आइडिया 10 नवंबर 2023 तक बोइंग इंडिया की वेबसाइट पर जमा कर सकते हैं।

मधूसूदन मसाला का आईपीओ 18 को खुलेगा, प्राइजबैंड 66 से 70 रु.

नई दिल्ली | गुजरात के जामनगर की मधूसूदन मसाला का आईपीओ 18 सितंबर को खुलेगा और 21 को बंद होगा। कंपनी ने आईपीओ के जरिए 23.80 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बनाई है। आईपीओ के लिए कंपनी ने प्रति इक्विटी शेयर प्राइजबैंड 66 से 70 रुपए तय किया गया है। निवेशकों के लिए बिड लॉट 2,000 शेयरों का होगा। इश्यू के मैनेजर हेम सिक्योरिटीज हैं। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध किया जाएगा। एसएमई आईपीओ को निवेशकों से मिले बेहतर रिस्पॉस के मद्देनजर कंपनी ने पूंजी बाजार में प्रवेश करने की योजना बनाई है।

रिशित और हिरन कोटेचा की ओर से प्रवर्तित यह कंपनी पिछले चार दशक से डबल हाथी और महाराजा ब्रांड नाम से मसालों का कारोबार कर रही है। इसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियों में 32 तरह के उत्पाद है। राजस्थान, गुजरात व महाराष्ट्र में कंपनी का 2,100 होलसेलर एवं 3,700 रिटेलर का नेटवर्क है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने 127 करोड़ रुपए का कारोबार कर 5.75 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। तीन साल में कंपनी के कारोबार की सीएजीआर वृद्धि दर 36 फीसदी से ज्यादा रही है।

मारुति के एमडी, सीईओ हिसाशी ताकेयूची ने कहा...

7 साल में दोगुना होगा भारत का कार बाजार, करें तैयारी

मुंबई | मारुति सुजुकी इंडिया के एमडी व सीईओ हिसाशी ताकेयूची ने कहा है कि अगले 7 साल में भारत का कार बाजार दोगुना हो जएगा। 2031 तक सालाना 60-70 लाख कारें बिकने लगेंगी। ऑटोमोबाइल सेक्टर को अभी से इसकी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अभी भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है।

ताकेयूची बुधवार को ऑटो कम्पोनेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने घरेलू वाहन कम्पोनेंट इंडस्ट्री से स्थानीय डिजाइन और विकास क्षमता मजबूत करने और कर्मचारियों की स्किल बढ़ाने की सलाह दी। ताकेयूची ने कहा, ऑटो कम्पोनेंट सेक्टर को अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। भारत के पास एक टैलेंट पूल है, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करने के लिए वैल्यू चेन में सहयोग की जरूरत है। इसके लिए ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को सरकार के सहयोग की भी जरूरत पड़ेगी।'

टेस्ला भारत में खरीदेगी 15,770 करोड़ के पुर्जे

टेस्ला इस साल भारत में करीब 15,770 करोड़ रुपए के पुर्जे खरीदने की योजना बना रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि अमेरिकी कंपनी ने पिछले साल भारत में करीब 8,300 करोड़ रुपए के पार्ट्स खरीदे थे। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने जून में प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के बाद कहा था कि टेस्ला भारत में महत्वपूर्ण निवेश करेगी।

फेम-2: कंपनियों पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई

नई दिल्ली | सरकार कुछ इलेक्ट्रॉनिक दोपहिया कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के विकल्प तलाश रही है। ये फेम-2 स्कीम के नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। केंद्र ने ऐसी सात कंपनियों से 469 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि वापस मांगी थी। इनमें हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, एम्पियर ईवी, रिवोल्ट मोटर्स, बेनलिंग इंडिया, एमो मोबिलिटी और लोहिया ऑटो शामिल हैं। आधिकारियों ने बताया कि इन्हें नोटिस भेजा गया है।

बायजूस पर आरोप, कंपनी ने मियामी के रेस्टोरेंट मालिक के पास छिपाए 4,400 करोड़

नई दिल्ली | एजुकेशन सेक्टर के सबसे बड़े स्टार्टअप बायजू को कर्ज देने वाले बैंकों और संस्थाओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कंपनी ने कथित तौर पर तीन साल पुराने एक अनजान हेज फंड में 53.3 करोड़ डॉलर (करीब 4,400 करोड़ रुपए) छिपाए थे। मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में फाइल दस्तावेज के अनुसार, कुछ कर्जदारों ने एक मुकदमे में आरोप लगाया है कि बायजू ने विलियम सी. मॉर्टन द्वारा स्थापित निवेश फर्म कैमशाफ्ट कैपिटल फंड को पिछले साल करोड़ों डॉलर ट्रांसफर किए थे। पैसों की रिकवरी में लगे लेंडर्स के मुताबिक इस फंड ने एक बार दावा किया था कि इसका मुख्य कारोबार मियामी में आईहोप पैनकेक रेस्टोरेंट का है। अदालत में जमा कागजात के अनुसार, बायजूस के पैसे भेजने के बाद एक फेरारी रोमा, एक लेम्बोर्गिनी हुराकैन ईवीओ और एक रोल्स-रॉयस व्रेथ मॉर्टन के नाम पर रजिस्टर्ड की गईं।

एफडीआई से मिले संकेत, भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहीं विदेशी कंपनियां

50 लाख करोड़ में से 52% मैन्युफैक्चरिंग में

नई दिल्ली | विदेशी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रही हैं। 2022-23 के दौरान देश में 49.93 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। आरबीआई के सालाना आंकड़ों के मुताबिक, ये 2021-22 में 46.73 लाख करोड़ के एफडीआई से 6.9% ज्यादा है। इक्विटी में 47.75 लाख करोड़ और डेट में 2.18 लाख करोड़ का निवेश इसमें शामिल है। मार्केट वैल्यू और फेस वैल्यू, दोनों के हिसाब से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 51.9% एफडीआई आया। सर्विस सेक्टर की हिस्सेदारी 42.8% रही। 2022-23 के दौरान देश में सबसे ज्यादा एफडीआई अमेरिका से आया।

अमेरिका से आया 8.58 लाख करोड़ का एफडीआई

देश	एफडीआई	हिस्सेदारी
अमेरिका	8,58,116	17.2%
मॉरिशस	7,43,781	14.9%
यूके	7,08,732	14.2%
सिंगापुर	6,59,016	13.2%
नीदरलैंड्स	5,00,327	10.0%
अन्य	38,34,027	30.5%

सोना 300, चांदी 350 रुपए सस्ती हुई

SKJ Jewellers | VAISHALI NAGAR 0141-4005001 | VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

जयपुर | अमेरिका में महंगाई दर उम्मीद के अनुरूप रहने के मद्देनजर सुरक्षित निवेश के लिए मांग घटने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तीन सप्ताह के न्यूनतम स्तर पर आ गया है। इसके चलते बुधवार को जयपुर सर्राफा बाजार में सोना स्टैंडर्ड तथा 22 कैरेट जेवराती सोना 300 रुपए प्रति दस ग्राम और सस्ता हो गया। चांदी में 350 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट रही। वहीं, अमेरिकी वायदा एक्सचेंज कॉमेक्स में दिसंबर डिलीवरी सोना 1.10 डॉलर घटकर 1911.70 डॉलर तथा दिसंबर डिलीवरी चांदी 0.21 डॉलर की गिरावट से 22.84 डॉलर प्रति आउंस पर ट्रेड कर रही थी। **भाव** : चांदी (999) 72,950, चांदी रिफाइनरी 72,450 रुपए प्रति किलो। सोना स्टैंडर्ड 60,300 रुपए, सोना जेवराती 56,900 तथा वापसी 53,900 रुपए प्रति दस ग्राम।

कार्यालय-राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय
नारौली डांग, तहसील-सपोटरा जिला-करौली (राजस्थान)
क्रमांक :रा.बा.उ.मा.वि./नारौली डांग/2207 दिनांक 13/09/23

खुली निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नोडल कार्यालय रा. बा. उ. मा. विद्यालय नारौली डांग ब्लॉक - सपोटरा (करौली) के अधीन संचालित KGBV टाइप-3 छात्रावास हेतु वित्तिय वर्ष 2023-24 में छात्राओं आधारभूत सामग्री हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, विस्तृत विवरण http/SPPP.nic.in से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 22.09.2023 है। जिसके UBN नम्बर निम्नानुसार है।

UBN. No. - RSE2324GSOB01802 (कक्षा 6-8)
UBN. No. - RSE2324GSOB01803 (कक्षा 9-12)

प्रधानाचार्य
राजकीय बा० उच्च माध्यमिक विद्यालय
नारौली डांग ब्लॉक सपोटरा (करौली)

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

सं. ईएल/टीआरडी/जेपी/निविदा सूचना/23-24
दिनांक: 12.09.2023

व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी), ज.प.रे, जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा संख्या: ईएल-टीआरडी-जेपी-2023-24-03. कार्य का नाम:** प्रोविजन ऑफ 160 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर एण्ड 18 मिमी कॉपर बस बार एट आईसोलेटर लोकेशनस् ओवर जयपुर डिविजन। **अनुमानित लागत (रु.):** 1,27,57,640.00. **बिड सिक्युरिटी (रु.):** 2,13,800.00. **निविदा खोलने की तिथि:** 09.10.2023. **नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता** http://www.ireps.gov.in 981-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई- निविदा सूचना

संख्या: NWR-AII0ADMIN (GENS)/45/2022
दिनांक: 12.09.2023

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से दिये गये कार्यो के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: GSU-AII-MD-CNC-Retend-23-24. कार्य का नाम:** MD Jn. Civil Works in connection with Facilities required for setting up of computer Numerical Control (CNC) underfloor pit wheel lathe at Coaching Depot Madar of Ajmer Division. **अनुमानित लागत:** Rs. 15897424.85/-. **Bid Security:** Rs. 229500/-. **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 02.10.2023 का 15:00 बजे। **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 02.10.2023 को 15:30 बजे। **उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट का पता** www.ireps.gov.in 979-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

वर्ष 2024 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की तिथियों में संशोधन बाबत्

वर्ष 2024 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी तथा पूरक परीक्षा-2023 के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों सहित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र एवं शुल्क जमा कराने की संशोधित अन्तिम तिथियाँ निम्नानुसार हैं :-

परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन फार्म भरने एवं चालान मुद्रित करने की अंतिम तिथि	शुल्क बैंक में जमा कराने की अंतिम तिथि	आवेदन पत्र एवं चालान नोडल केन्द्र पर जमा कराने की अंतिम तिथि
सामान्य परीक्षा शुल्क से	22.09.2023	29.09.2023	04.10.2023
एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित	27.09.2023	04.10.2023	09.10.2023

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश बोर्ड की वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर देखें।

सचिव

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
रिफल डॉटला, प्रिन्टिंग प्रेस योजना, आवासीय कॉलोनी, जैसलमेर, राजस्थान, 345001 ई-मेल : rorpcb.jai@gmail.com

क्रमांक : राप्रनिम/क्षे.का जैसलमेर/PH-08/319 दिनांक :- 12/09/2023

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स राजस्थान स्टेट माइन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा ग्राम–उनरोई, तहसील सम सब, तहसील–रामगढ़, जिला–जैसलमेर के निकट अपने प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना "खुईयाला–1 एसएमएस ग्रेड लाईमस्टोन माईन्स" "Mine material handling capacity i.e SMS grade limestone ROM 3.50 Million Tone with saleable production recovery of SMS Grade limestone (30mm-80mm) & sized rejects (05mm-30mm) 2.772 Million Tone and production recovery of rejects (-5mm) 0.728 Milion Tone saleable subjects to market demand with crushers (2*300&2*200 TPH), Single Deck/Double Deck screening units (5*200 TPH) in the Mine lease (M.L. No. 01/2020) area of 998 Ha" हेतु भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
2. चूंकि, मैसर्स राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड़ द्वारा उक्त परियोजना (खनन परियोजना खुईयाला–1, एसएमएस ग्रेड लाईमस्टोन माईन्स) की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक जन सुनवाई हेतू आवेदन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया है।
3. चूंकि उक्त परियोजना हेतु भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
4. उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिर्पोट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है:–
   (1) कार्यालय जिला कलेक्टर, जैसलमेर।
   (2) कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र, जैसलमेर।
   (3) कार्यालय खनिज अभियंता, जैसलमेर।
   (4) जन सम्पर्क अधिकारी, जैसलमेर।
   (5) पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   (6) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल–4 पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र झालना डूंगरी जयपुर।
   (7) क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, ए–218 बी–216, अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड़, झालाना इंस्टीटयूशनल एरिया जयपुर, राजस्थान।
   (8) राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, ग्राम उनरोई, तहसील सम सब, तहसील–रामगढ़, जिला–जैसलमेर।

अतः सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि आप परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए जन–सुनवाई हेतु दिनांक 19/10/2023 (गुरूवार) को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुईयाला तहसील सम सब तहसील–रामगढ़, जिला–जैसलमेर, में समय प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, क्षेत्रीय कार्यालय, जैसलमेर में भी प्रस्तुत कर सकते है।

राज.संवाद/सी/23/9199 क्षेत्रीय अधिकारी

एसेप्टिक पैकेजिंग वेस्ट की रिसाइक्लिंग के लिए यूफ्लेक्स लि. ने लगाया प्लांट

नई दिल्ली | प्लास्टिक पैकेजिंग रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर (पीपीआरडीसी) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में मल्टी-लेयर्ड एसेप्टिक पैकेजिंग मेटेरियल की रिसाइक्लिंग की संभावनाओं को लेकर यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन अशोक चतुर्वेदी ने अध्ययन रिपोर्ट जारी की।

केंद्रीय रसायन मंत्रालय के संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा और डीजी-सिपेट प्रो. शिशिर सिन्हा की उपस्थिति में जारी इस रिपोर्ट से मल्टी-लेयर एसेप्टिक प्लास्टिक कचरे की रिसाइक्लिंग की तकनीक, संभावना और वित्तीय फायदे के बारे में समझने में मदद मिलेगी। एसेप्टिकप्लास्टिक कचरे के स्थायी समाधान के लिए दिशा मिल सकेगी। चतुर्वेदी ने कहा कि हमने वैश्विक स्तर पर औद्योगिक और एमएलपी (मल्टी-लेयर मिक्स्डप्लास्टिक) वेस्ट रिसाइक्लिंग केंद्रों की स्थापना और मल्टी-लेयर एसेप्टिक रिसाइक्लिंग तकनीक में निवेश किया है। मल्टी-लेयर एसेप्टिक पैकेजिंग को नॉन-रीसाइक्लेबल माना जाता है, क्योंकि यह विभिन्न मेटेरियल के मिश्रण से बनाया जाता है। इस कारण इस तरह के पैकेजिंग मेटेरियल को उपयोग के बाद फेंक या जला दिया जाता है।

इससे निपटने के लिए यूफ्लेक्स ने उन्नत एंजाइमेटिक डिलेमिनेशन टेक्नोलॉजी में निवेश किया है। एंजाइमेटिक डिलेमिनेशन प्रक्रिया में पैकेजिंग मेटेरियल की विभिन्न परतों के बीच की बॉन्डिंग को तोड़ने के लिए एंजाइम का उपयोग किया जाता है। इससे कागज और पॉलीथीन-फॉइल लेमिनेट जैसी परतें अलग हो जाती है। इनका नए उत्पाद बनाने के लिए पुनः उपयोग किया जा सकता है। कंपनी ने ग्वालियर में एसेप्टिक पैकेजिंग रिसाइक्लिंग संयंत्र स्थापित किया है।

Government of Maharashtra
Public Works Department
Public Works Division, Parbhani
E-TENDER NOTICE No. 11 of 2023-2024
Conrrigendum No. 1

Online tenders (e-tenders) for the following works are invited by the Executive Engineer Public Works Division, Parbhani up to Date 20.9.2023 time 18.55 Hrs.

Sr. No.	Name of work	Approximate value of work (Rs. In Crore)	Earnest Money	Cost of Blank Tender form
1	Widening And Improvement to Road form NH-361 F Pardhewadi Ukhali (Khu) Harangul Khadgaon SH-234 Akoli Issad NH-752 k to Dhavalkewadi to Malaewadi NH-361 F to Zola Pimpari Sangvi